आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 17.12.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- फिट इंडिया के तहत केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया आज नई दिल्ली में 'फिट इंडिया साइकिलिंग मंगलवार' को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरूआत करेंगे।
- सरकार ने 'ई–एन डब्ल्यू आर आधारित प्रतिज्ञा वित्त पोषण के लिए ऋण गारंटी योजना' शुरू की है।
- क्षेत्रीय जैविक एवं प्राकृतिक कृषि केन्द्र भुवनेश्वर के सहयोग से पी जी एस प्रमाणीकरण पर कार्यशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
- द्वीप पर्यटन उत्सव के लिए स्टॉलों का आबंटन आज किया जाएगा।
- द्वीपों से वनवासी कल्याण आश्रम की टीम चौबीसवें राष्ट्रीय आदिवासी खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

<><><><><><><>

फिट इंडिया के तहत केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया आज नई दिल्ली में 'फिट इंडिया साइकिलिंग मंगलवार' हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरूआत करेंगे। इस पहल के अंतर्गत भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा श्री विजयपुरम में साइकिलिंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें द्वीपों के प्रसिद्ध साइकिल चालक डेबोराह हेरोल्ड, एन. निकिता, बॉबी थापा अन्य साइकिल चालकों के साथ वेलोड्रोम क्षेत्र से फ्लैग प्वाइंट तक स्वास्थ्य और फिटनेस की भावना को बढ़ावा देते साइकिल रैली का नेतृत्व करेंगे। श्री विजयपुरम में यह कार्यक्रम साइक्लिंग को परिवहन के स्थायी साधन और व्यायाम के रूप में बढ़ावा देने के लिए चलाया जा रहा है। इस अभियान में युवा मामले और खेल मंत्रालय, साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, माई भारत, साई क्षेत्रीय केंद्रों, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों, खेलो इंडिया केंद्रों, खेल प्रशिक्षण केंद्रों और जिला प्रशासन के सहयोग से इन आयोजनों की अगुआई कर रहा है। 'फिट इंडिया साइक्लिंग मंगलवार' पहल आज से देश भर में एक हजार से अधिक स्थानों पर एक साथ शुरू होगी, जिसमें विभिन्न साई क्षेत्रीय केंद्रों पर कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम की शुरूआत के बाद से हर मंगलवार को देश भर में साइकिलिंग कार्यक्रम जारी रहेंगे।

<><><><><><><>

फिट इंडिया के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से पॉल्यूशन का सोल्यूशन–पैदल टू फिटनेस विषय पर फिट इंडिया साइक्लिंग ट्यूसडेस का आयोजन किया जाएगा। फिटनेस के लिए पैदल चलने और प्रदूषण मुक्त भविष्य के लिए एक हजार से अधिक स्थानों पर यह अभियान चलाया जा रहा है। इच्छुक प्रतिभागी आज से फिट इंडिया पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं।

<><><><><><><>

सरकार ने 'ई–एन डब्ल्यू आर आधारित प्रतिज्ञा वित्तपोषण के लिए ऋण गारंटी योजना' शुरू की है। इस योजना के तहत, किसान अब अपनी उपज के माध्यम से ऋण प्राप्त कर सकेंगे। किसानों को भण्डारण विकास और विनियमन प्राधिकरण के साथ पंजीकृत गोदामों में अपनी उपज जमा करने के बाद, एक इलेक्ट्रॉनिक नेगोशिएबल वेयरहाउस रसीद जारी की जाएगी। इस रसीद का उपयोग बैंकों और अन्य ऋण देने वाली संस्थाओं से कम ब्याज दर वाले ऋण प्राप्त करने के लिए डिफ़ॉल्ट के खिलाफ गारंटी के रूप में किया जा सकता है।

<><><><><><><>

क्षेत्रीय जैविक एवं प्राकृतिक कृषि केन्द्र भुवनेश्वर के सहयोग से कृषि निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में पी जी एस प्रमाणीकरण पर दो दिवसीय कार्यशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक रमेश कुमार ने द्वीपसमूह में परंपरागत कृषि विकास योजना के बारे में बताते हुए किसानों को जैविक कृषि में आ रही चुनौतियों से अवगत कराया। आर सी ओ एन एफ भुवनेश्वर के क्षेत्रीय निदेशक जगत सिंह ने पी जी एस प्रमाणीकरण कार्यक्रम के जरिए जैविक खेती के मानकों को बढ़ावा देते हुए पी जी एस प्रमाणीकरण की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

इस अवसर पर आर सी ओ एन एफ के सहायक निदेशक एस आर इंग्ले ने बागवानी फसलों पर अधिक जोर देने और जैविक कृषि को बढ़ावा देने के लिए प्रमाणीकरण के आवेदन, महत्व और कार्यान्वयन के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

द्वीप पर्यटन उत्सव के लिए स्टॉलों का आबंटन आज शाम चार बजे से अण्डमान टील हाउस के सम्मेलन सभागार में किया जाएगा। आवेदकों से निर्धारित समय पर उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

प्रशासन के विभिन्न विभागों में कार्यरत हेड क्लर्क, एचजीसी और एलजीसी कर्मचारियों के लिए आरटीआई, कार्यालय प्रक्रिया, नोटिंग, ड्राफ्टिंग और रिकॉर्ड प्रबंधन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कल टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के गैलरी हॉल में शुरू हुआ। प्रशासन के प्रशासनिक सुधार और प्रशिक्षण विंग, सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंधन संस्थान, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से प्रशिक्षण का आयोजन कर रहा है। टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मंजुलता राव ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बीस दिसम्बर तक जारी रहेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पैंतालिस प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

एम.वी. सिंधु आज सुबह दस बजे श्री विजयपुरम से चेन्नई के लिए रवाना होगा। यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य सुबह आठ बजे से शुरू होगा। देर से आने वाले यात्रियों को जहाज पर चढ़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

<><><><><><><>

अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम सत्ताइस से इक्तीस दिसंबर तक छत्तीसगढ़ के रायपुर में चौबीसवीं राष्ट्रीय आदिवासी खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। जिसमें देश भर के लगभग आठ सौ प्रतिभागी तीरंदाजी और फुटबॉल प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। इन द्वीपों से वनवासी कल्याण आश्रम की टीम के इक्कीस खिलाड़ी जूनियर तीरंदाजी और जूनियर फुटबॉल प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। यह टीम आज एम. वी. सिंधु जहाज से चेन्नई के लिए रवाना होगी।

<><><><><><><>

डाइट गाराचरामा द्वारा प्राइमरी स्कूल शिक्षकों के लिए चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला तीन शैक्षिक क्षेत्रों में दस से तेरह दिसंबर तक रंगत, मायाबंदर और डिगलीपुर में आयोजित की गई। कार्यशाला के अंतिम दिन अंचल अधिकारियों द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण मॉड्यूल और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को एनसीएफ–एफएस दो हजार बाईस के दिशानिर्देशों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से अवगत कराना था।

<><><><><><><>